# <u>राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन  - एक रिपोर्ट</u>

संघ सरकार के राजभाषा नीति के अनुपानलार्थ तथा अपने मुख्यालय के निर्देशानुसार, राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी में दिनांक **14 से 29 सितम्बर, 2022 तक धूम-धाम से राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया** । राजभाषा विभाग के निदेशानुसार, सभी कार्यालयों को राजभाषा पखवाड़ा की शुरूआत दिनांक 14-15 सितम्बर, 2022 को आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, सूरत से करनी थी और इसके बाद अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा पखवाड़ा को आयोजित करना था । इसी के अनुसरण में, इस कार्यालय में भी **राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन** किया गया ।

राजभाषा पखवाड़े के दौरान कार्यालय का पूरा वातावरण हिन्दीमय हो गया। पखवाड़े की सार्वजनिक सूचना देने के लिए कार्यालय के मुख्य द्वार पर एक बहुत-ही आकर्षक बैनर लगाया गया है । इस दौरान सभी अधिकारियों व कार्मिकों को अपना अधिकतम काम हिन्दी में करने के लिए और साथ-ही इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं में उत्साह-पूर्वक भाग लेने के लिए उत्साहित करने हेतु एक परिपत्र परिचालित किया गया । इतना-ही नहीं, कार्यालय के  राजभाषा शाखा के अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया ।

पखवाड़े के दौरान मुख्यालय द्वारा अनुमोदित चार प्रतियोगिताओं - दिनांक - 19.9.2022 को हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, दिनांक - 20.9.2022 को हिन्दी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता, दिनांक - 21.9.2022 को हिन्दी वाक् / संभाषण प्रतियोगिता एवं दिनांक - 26.9.2022 को राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । **इन सभी प्रतियोगिताओं को एक ही समय पर ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों तरीके से आयोजित किया गया जिससे पूर्वोत्तर क्षेत्र में सुदूर स्थित कार्यालयों के भी बहुत सारे कार्मिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया ।**

दिनांक **<u>29.9.2022 को राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया</u>** । समारोह के प्रारंभ में श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों, अतिथियों व कार्मिकों का स्वागत किया और फिर उसके बाद <u>असम की सांस्कृतिक परम्परा के अनुसार, सभी अतिथियों का स्वागत असम की सांस्कृतिक पहचान 'गामोछा', व अन्य उपहार देकर किया गया</u> ।

इस समारोह में **मुख्य अतिथि के रूप में डॉ, चन्द्रलेखा शर्मा, विजिटिंग प्रोफेसर व रिसर्च गाइड, एस.के.डी. विश्वविद्यालय, राजस्थान** उपस्थित थीं । **विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस. के. सिंह, सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी, नेशनल इंश्योरेश कम्पनी लिमिटेड, गुवाहाटी** भी आमंत्रित थें ।

**श्री आर. एल. गुइटे, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी)** ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है । अब इसके बिना हमारा काम नहीं चल सकता **। हमें हिन्दी को अब दिल से अपनाना ही होगा । हिन्दी में काम करना वास्तव में गर्व की बात है ।**

**डॉ, चन्द्रलेखा शर्मा** ने इस कार्यालय में राजभाषा हिन्दी में अच्छे कार्य निष्पादन के लिए सभी कार्मिकों को बधाई दी और सभागार में उपस्थित सभी लोगों को उत्साह बढ़ाते हुए अपने संबोधन में कहा कि **हिन्दी आज एक अंतर्राष्ट्रीय संपर्क की भाषा बन गई है । दुनिया में आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जो हिन्दी से अछूता है** । **डॉ. एस. के. सिंह** ने हिन्दी दिवस के इस पावन अवसर पर सभी को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि **हिन्दी दिवस केवल एक दिन का उत्सव न मनाकर हम सच्चे मन से हिन्दी को अपनाएं ।**

कार्यक्रम की अगली कड़ी में, एक हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता का भी शानदार आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के ही कार्मिकगण ने खुले मन से भाग लिया और बहुत सारे आकर्षक पुरस्कार भी जीते ।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के सभी 18 विजेताओं को क्षेत्रीय निदेशक व अतिथिगण के कर-कमलों द्वारा **45,200/- रूपये** का नकद पुरस्कार दिया गया । कार्यक्रम के अंत में स्वादिष्ट अल्पाहार का भी वितरण किया गया । धन्यवाद ज्ञापन से समारोह का समापन हुआ और **सभी लोग हिन्दी दिवस समारोह की एक सुखद और स्वप्निल स्मृति लेकर विदा लिए** । पूरे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संयोजन व संचालन श्री बिजीत पेगु, प्रभारी राजभाषा अधिकारी के दिशा-निर्देश में श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ अनुवादक अधिकारी ने किया ।

पूरे समारोह की प्रेस विज्ञप्ति भी गुवाहाटी नगर के प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों - दिनांक - 01.10.2022 को दैनिक पूर्वोदय और 03.10.2022 को पूर्वांचल प्रहरी में भी प्रकाशित की गई ।

## प्रकाशित प्रेस विज्ञप्तियां

दैनिक पूर्वोदय

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम




▲ पूर्वोदय संवाददाता

**गुवाहाटी, 30 सितंबर।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी में दिनांक 14 से 29 सितंबर तक धूमधाम से राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया । राजभाषा पखवाड़े के दौरान कार्यालय का पूरा वातावरण हिंदीमय हो गया। पखवाड़े की सार्वजनिक सूचना देने के लिए कार्यालय के मुख्य द्वार पर एक बहुत-ही आकर्षक बैनर लगाया गया। इस दौरान सभी अधिकारियों व कार्मिकों को अपना अधिकतम काम हिंदी में करने के लिए और साथ-ही इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में उत्साह-पूर्वक भाग लेने के लिए उत्साहित करने हेतु एक परिपत्र परिचालित किया गया । इतना ही नहीं, कार्यालय के राजभाषा शाखा के कार्मिकों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया। पखवाड़े के दौरान मुख्यालय द्वारा अनुमोदित चार प्रतियोगिताओं- हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता, हिन्दी वाक् / संभाषण प्रतियोगिता एवं राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं को एक ही समय पर ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों तरीके से आयोजित किया गया। 29 सितंबर को राजभाषा पखवाड़ा के समापन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। समारोह के प्रारंभ में मनोज कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों, अतिथियों व कार्मिकों का स्वागत किया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. चन्द्रलेखा शर्मा, विजिटिंग प्रोफेसर व रिसर्च गाइड, एसकेडी विश्वविद्यालय, राजस्थान उपस्थित थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एसके सिंह (सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी, नेशनल इंश्योरेंश कम्पनी लिमिटेड, गुवाहाटी) भी आमंत्रित थे। आरएल गुइटे (क्षेत्रीय निदेशक) ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। अब इसके बिना हमारा काम नहीं चल सकता। हमें हिंदी को अब दिल से अपनाना ही होगा। हिन्दी में काम करना वास्तव में गर्व की बात है। डॉ. चन्द्रलेखा शर्मा ने इस कार्यालय में राजभाषा हिन्दी में अच्छे कार्य निष्पादन के लिए सभी कार्मिकों को बधाई दी और सभागार में उपस्थित सभी लोगों का उत्साह बढ़ाते हुए अपने संबोधन में कहा कि हिंदी आज एक अंतर्राष्ट्रीय संपर्क की भाषा बन गई है ।

डॉ. एसके सिंह ने हिंदी दिवस के इस पावन अवसर पर सभी को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि हिंदी दिवस केवल एक दिन का उत्सव न मनाकर हम सच्चे मन से हिंदी को अपनाएं। कार्यक्रम की अगली कड़ी में, एक हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता का भी शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के सभी 18 विजेताओं को क्षेत्रीय निदेशक व अतिथिगण द्वारा नकद पुरस्कार दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन से समारोह का समापन हुआ। पूरे कार्यक्रम का संयोजन व संचालन मनोज कुमार, वरिष्ठ अनुवादक अधिकारी ने किया।

**दैनिक पूर्वोदय - दिनांक - 01.10.2022**

---

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में राजभाषा पखवाड़ा आयोजित




हिंदी पखवाड़े के दौरान उपस्थित पदाधिकारीगण

**पूर्वांचल प्रहरी स्टाफ रिपोर्टर**

**गुवाहाटी:** संघ सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन तथा अपने मुख्यालय के निर्देशानुसार राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी में 14 से 29 सितंबर 2022 तक धूमधाम से राजभाषा पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान मुख्यालय द्वारा अनुमोदित चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन सभी प्रतियोगिताओं को एक ही समय पर ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों तरीकों से आयोजित की गई। इसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र में सुदूर स्थित कार्यालयों के भी बहुत सारे अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के प्रारंभ में मनोज कुमार वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी ने सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों व अतिथियों एवं कार्मिकों का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि इस दौरान उपस्थित अतिथियों को असमिया फूलाम गामोछा से स्वागत किया गया।

**पूर्वांचल प्रहरी - दिनांक - 03.10.2022**

## राजभाषा पखवाड़ा के कुछ छाया चित्र




